**Title** : Need to strengthen Zafra-Janghai railway line in Jaunpur Parliamentary constituency, U.P-Laid.

**श्री चिन्मयानन्द स्वामी (जौनपुर):** मेरे संसदीय क्षेत्र के अन्तर्गत उत्तर रेलवे की जाफरा-जंघई रेलवे लाईन लगातार जर्जर होती जा रही है। उस रेलवे लाइन कि समुचित देख-रेख के साथ उसके सुदृढ़ीकरण की भी आवश्यकता है। यदि वहां रेल मार्ग मजबूत हो जाए तो शाहगंज जौनपुर जाफराबाद से होकर जंघई के लिए सीधी गाड़ियों को एक नया रेल मार्ग मिल जायेगा और मुम्बई के लिए आजमगढ़-जौनपुर से सीधी ट्रेन की मांग भी पूरी की जा सकती है तथा जौनपुर-इलाहाबाद के लिये तीव्र गति की गाड़ियां भी चल सकती हैं।